Our pride; empowered child.

# वी. एन्ड सी. पटेल इंग्लिश स्कूल

दिनांक : १३-९-१७ **अर्धवार्षिक परीक्षा** पूर्णांक-८०

समय : ३ घण्टा

**कक्षा – ७ विषय : हिन्दी**

निर्देश : १. सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ अक्षरों में लिखिए ।

२. प्रश्न का उत्तर आरंभ करने से पूर्व, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखे ।

## पठन विभाग

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ते हुए नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ३

आज के करीब डेढ़ हजार साल से पहले चीन से बारूद का आविष्कार हुआ । फिर ईसा की ग्यारहवी सदी में चीनियों ने राकेट भी बनाए । लगभग उसी समय भारत को भी बारूदकी जानकारी मिली। भारत को यह जानकारी या तो चीनी कीमियागरों से मिली या भारतीय बन्दरगाहों में पहुँचनेवाले चीनी व्यापारियों के जरिये । आज भी आतिशबाजी के पटाखों का सबसे ज्यादा उत्पादन दक्षिण भारत में ही होता है । राकेटो का भी ज्यादा इस्तेमाल दक्षिण भारत के युद्धों में ही हुआ । राकेटो के लिए लोहे के खोलों का इस्तेमाल सम्भवतः भारत की ही खोज है ।

प्रश्न : १. बारूद का आविष्कार किस देश ने किया था ?

२. भारतीयों को बारूद की जानकारी कैसे मिली ?

३. भारत में आतिशबाजी के पटाखों का सर्वाधिक प्रयोग कहाँ होता है ?

## व्याकरण विभाग

प्र-२ क. क्रिया किसे कहते हैं ? उसके प्रकारों को उदाहरण सहित समझाइए । २

ख. उत्पत्ति के आधार पर शब्द के प्रकारों को समझाइए । २

ग. वर्णमाला लिखिए । १

घ. संज्ञा की परिभाषा लिखते हुए उसके प्रकारों को समझाइए । २

च. संबंधवाचक सर्वनाम को समझाइए । १

छ. विशेषण की परिभाषा लिखते हुए प्रविशेषण को समझाइए । २

**ज. निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए ।** ३

१. जिसका आरंभ न हो
२. जानने की इच्छा रखनेवाला
३. जिसका कोई शत्रु न हो
४. दूसरों का अच्छा सोचनेवाला
५. रात मे घूमनेवाला
६. नभ में घूमनेवाला

**झ. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम-चिह्न लगाइए ।** २

१. मुझे जल्दी पहुँचना है खाना बनाना है अन्य काम भी करना है

२. सभापति महोदय आप अपने विचार प्रकट करिए

३. अभिज्ञमन शाकुंतलम् महाकवि कालिदास की अमर रचना है

४. मैं कक्षा सात में पढ़ती हूँ

पीछे

## ट. सही जोड़े मिलाइए । २

| अ | ब |
|---|---|
| १. आँख की किरकिरी | १. बुद्धि नष्ट होना |
| २. ईट का जवाब पत्थर से देना | २. शत्रु को कड़ा जवाब देना |
| ३. अक्ल पर पत्थर पड़ना | ३. एकता में बल |
| ४. एक और एक ग्यारह होना | ४. बुरा लगना (दुश्मन) |
| ५. नौ-दो ग्यारह होना | |

## ठ. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । २

१. कायर सदैव पराजित होते है और ............ सदैव विजयी होते है ।

२. बच्चों ने कक्षा में शोर मचाकर आकाश .......... एक कर दिया ।

३. सगुण भक्त इश्वर के साकार रूप को स्वीकार करते है तथा ............. भक्त इश्वर के निराकर रूप को ।

४. अनुकूल और ................ जीवन के आधार है ।

## ड. उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उचित लिखिए । १०

१. व्यंजन को स्वर रहित लिखने के लिए प्रयोग किया जाता है –
(क) विसर्ग (ख) मात्रा (ग) हलंत् (घ) इनमें से कोई नहीं

२. इनमें से उष्म व्यंजन नहीं है –
(क) ष (ख) स (ग) ह (घ) फ

३. वर्णो के सार्थक समूह को कहते है –
(क) अक्षर (ख) शब्द (ग) वर्णमाला (घ) वाक्य

४. इनमें से तत्सम शब्द है –
(क) ग्राम (ख) मोर (ग) घर (घ) अम्मा

५. जो शब्द देश के विभिन्न प्रांतो, जातियो, बोलियों आदि से हिंदी भाषा में आ गए है, उन्हे कहते है –
(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज (घ) विदेशज

६. क्रिया के मूल रूप को कहते है –
(क) धातु (ख) लिंग (ग) वचन (घ) बाल

७. जिन क्रियाओं के साथ कर्म का उल्लेख नहीं होता उसे कहते है –
(क) कर्ता (ख) अकर्मक (ग) सकर्मक (घ) धातु

८. कर्म के आधार पर क्रिया के भेद है –
(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

९. क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है उसे कहते है –
(क) कर्ता (ख) कर्म (ग) क्रिया (घ) काल

१०. 'राजा' ने कवि का सम्मान किया । 'यहाँ रेखांकित शब्द संज्ञा के किस प्रकार में आएगा ?
(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) 'क' और 'ख' दोनो

११. 'लंबाई' शब्द संज्ञा के किस प्रकार में आएगा ?
(क) समूहवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) द्रव्यवाचक (घ) भाववाचक

१२. सर्वनाम का प्रयोग किसके स्थान पर होता है ?
(क) वर्ण (ख) संज्ञा (ग) क्रिया (घ) वचन

१३. इनमें से सर्वनाम का प्रकार नहीं है ?
(क) मध्यमपुरुषवाचक (ख) संबंधवाचक (ग) निजवाचक (घ) समूहवाचक

१४. सार्वनामिक विशेषण का दूसरा नाम है –
(क) संबंधवाचक विशेषण (ख) संदेहवाचक विशेषण
(ग) संख्यावाचक विशेषण (घ) संकेतवाचक विशेषण

१५. 'बाज़ार से थोड़ी चीनी लेकर आओ' 'इस वाक्य में विशेषण विशेष्य है –
(क) बाज़ार चीनी (ख) थोड़ी चीनी (ग) चीनी लेकर (घ) बाज़ार चोड़ी

१६. 'दाल में कुछ काला नजर आना' मुहावरे का अर्थ है –
(क) बड़ी मुसीबत आना (ख) बहुत परिश्रम करन. (ग) अपने को छिपाना (घ) गड़बड़ होना

१७. अर्ध-विराम का चिह्न है –
(क) , (ख) ! (ग) :- (घ) ;

१८. इनमें से विवरण चिह्न है –
(क) :- (ख) ' ' (ग) – (घ) !

१९. किसी के उपनाम, पुस्तक, कविता के नाम तथा उपादि को चिह्नित करने के लिए प्रयोग किया जाता है –
(क) कोष्ठक का चिह्न (ख) इकहरा उद्धारण चिह्न (ग) दोहरा उदाहरण (घ) विवरण चिह्न

२०. विरामचिह्न का गलत स्थान पर प्रयोग करने से वाक्य के ........... में अंतर आ जाता है ।
(क) शब्द (ख) भाव (ग) वर्ण (घ) अर्थ

## लेखन विभाग

प्र-३ अ. जन्मदिन पर दावत में आने के लिए मित्र को निमंत्रण-पत्र लिखिए । ४

**ब. निम्नलिखित विषय पर २०० से २५० शब्दों में निबंध लिखिए ।** ४

**दूरदर्शन का हंगामा :** संकेत बिंदु – दूरदर्शन क. अर्थ तथा इसके आविष्कार की जानकारी – मानव जीवन पर प्रभाव – विभिन्न जानकारियों का स्रोत – दूरदर्शन की हानियाँ उपसंहार ।

## साहित्य विभाग ( गद्य भाग )

**प्र-४ ( अ ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ३

मैं बच्चे उठानेवाला हूँ । दूसरा कोई काम करने की मेरी इच्छा नहीं होती । अभी थोड़ी देर पहले एक घर से यह लड़की उठाई है मैंने । गहरी नींद सो रही थी । अब तक उठी नहीं है । उठेगी भी नहीं, मैंने इसे थोड़ी बेहोशी की दवा जो दी है । अब मुझे लगी है भूख । दिनभर कुछ खाने का वक्त ही नहीं मिला । पेट में जैसे चूहे दौड़ रहे हो ! .... तो ऐसा किया जाए ... इसे यही लेटाकर अपने द्वारा कुछ खाने की तलाश करे .... देखे कुछ मिल जाए तो ! इतनी रात गए यहाँ इस वक्त अब किसी का आना मुमकिन नहीं ।

१. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? २. बच्ची अभी तक क्यों नहीं उठी है ?
३. बच्चे उठानेवाला बच्ची को लिटाकर कहाँ चला गया ?

**ब. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए ।** ६

१. ऋण किन-किन परिस्थितियों में लेना पडता है ?

२. नागार्जुन का मूल नाम क्या है ?

३. रोहिणी किस रचना का पात्र है ?

४. कितने समय के बाद दोबारा रक्तदान किया जा सकता है ?

५. कौए की नींद कौन खराब करता है ?

६. 'चिड़िया की बच्ची' पाठ साहित्य की कौन-सी त्रिधा है ?

**क. निम्न प्रश्नों के उत्तर विस्तृत लिखिए । ( कोई तीन )** ६

१. माधवदास का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

२. 'पापा खो गए' पाठ में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों ?

३. एनीमिया से बचने के लिए क्या-क्या खाना चाहिए ?

४. क्या वहज थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे ?

## पद्यखंड

**प्र-५ अ. निम्नलिखित पद्यांश को पढकर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ३

आकाश का साफा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेडों के गल्ले-सा ।

१. पहाड़ को किस रूप में चित्रित किया गया है ?

२. पलाश के जंगल की तुलना अँगीठी से क्यों की गई है ?

३. अंधकार कहाँ और किस तरह बैठा है ?

**ब. निम्न प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए ।** ४

१. 'शाम-एक किसान' कविता में किस ऋतु का त्रर्णन किया गया है ?

२. 'कठपुतली' का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?

३. पक्षी इंसान से क्या विनंती करते है ?

४. पक्षियों का खान-पान क्या है ?

**क. निम्न प्रश्नों के उत्तर विस्तृत लिखिए ।** ४

१. 'पिंजरें' में पक्षियों को क्या-क्या कष्ट है ?

२. कठपुतली को अपने पाँवो पर खड़े होने की इच्छा है लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती ?

**प्र-६ निम्न शब्द के अर्थ लिखिए ।** १०

१) पुलकित २) होडा-होडी ३) कुनैन मिक्सचर ४) हुड़क ५) पुत्रोत्पति
६) कौतूहल ७) सिर धूनना ८) चेष्टा ९) स्मरण १०) भानुमती का पिटारा
११) रक्तवाहिका १२) बिंबाणु १३) बोरियत १४) संरक्षण १५) अँगीठी
१६) पलाश १७) मसनद १८) अभिरुची १९) नीड़ २०) हाँडी

**प्र-७ उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ४

१. चिडियाँ अपने घर से क्यों निकली थी ?
   (क) फूलों से बाते करना (ख) सूरज की धूप खाने
   (ग) हवा से खेलने (घ) उपर्युक्त सभी

२. 'माधवदास' किस कहानी का पात्र है ?
   (क) चिड़िया की बच्ची (ख) दादी माँ
   (ग) मिठाईवाला (घ) रक्त और हमारा शरीर

३. शाम रूपी किसान ने किसका साफा बाँधा हुआ है ?
   (क) नदी का (ख) आकाश का (ग) फूलों का (घ) पलाश का

४. 'पापा खो गए' पाठ साहित्य की कौन-सी विद्या है ?
   (क) कहानी (ख) संस्मरण (ग) नाटक (घ) जीवनी

५. किसका नाम 'लाल ताऊ' है ?
   (क) पेड़ (ख) लेटरबक्स (ग) खंभा (घ) कौआ

६. लाल रक्त कणों का जीवनकाल कितने समय का होता है ?
   (क) आठ महीने (ख) छः महीने (ग) चार महीने (घ) एक साल

७. 'वीर सिपाही' किसको कहा गया है ?
   (क) श्वेत कण (ख) लाल कण (ग) बिंबाणु (घ) प्लेटलेट कण

८. 'धन्नो' किस कहानी का पात्र है ?
   (क) मिठाईवाला (ख) रक्त और हमारा शरीर
   (ग) चिड़िया की बच्ची (घ) दादी माँ